आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

दिनांक 02.10.2024 **समय: 2.10 PM**

पीएम – स्वच्छता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल 15 दिनों में देश में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से 'स्वच्छ भारत मिशन' एवं 'अमृत' योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के लिये 435 करोड़ रुपये की लोक कल्याणकारी परियोजनाओं के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के साथ ही ग्वालियर स्थित आदर्श गौशाला के 100 टन क्षमता के बायो सीएनजी प्लांट का उद्घाटन किया।

स्वच्छता प्रदेश

प्रदेश भर में आज गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन हो रहा है। गाँधी जयंती के मौके पर आगरमालवा जिले में स्वच्छ भारत दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले के ग्राम पचेटी माता मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजनों के संबंध में आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्रसिंह ने जानकारी दी।

जबलपुर में इस मौके पर सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शहर में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए जॉइंट कलेक्टर अनुराग सिंह ने बताया कि जबलपुर देश के उन चुनिंदा शहरों में है जिसे स्मार्ट सिटी के फेस 2. व में चयन किया गया है।

सतना जिले में सांसद गणेश सिंह की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं अमृत योजना अंतर्गत 685 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल परिसर में स्थानीय नागरिकों के साथ बल के जवानों द्वारा श्रमदान करते हुए साफ सफाई अभियान चलाया गया। दमोह में मेराथन दौड का आयोजन घंटाघर पर किया गया। जिसमें सांसद राहुल सिंह मौजूद रहे। इंदौर और धार में सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया। मैहर में भी समापन कार्यक्रम हुआ।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना के अंतर्गत ₹250 करोड़ लागत की 19 विकास परियोजनाओं के भूमिपूजन सहित अन्य विभिन्न विकास कार्यों का

भूमिपूजन/लोकार्पण किया। साथ ही, डोर–टू–डोर जाकर कूड़ा उठाने हेतु नगर निगम भोपाल के 125 वाहनों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि आज मिलीं सौंगातें राज्य के समग्र विकास के लिये स्वच्छता एवं शहरी विकास को पहले की तुलना में और गति प्रदान करेंगी।

संक्षिप्त समाचार

केंद्रीय जेल से 8 बंदियों की हुई रिहाई, जिसमे एक सतना जिले का बंदी है, 4 छतरपुर, पन्ना जिले के 3 बंदी रिहाई में शामिल हैं,

एम्स भोपाल में आज महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक अभिनव डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म HBV Safe @ AIIMS Bhopal लॉन्च किया , जिसका उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस बी वायरस संक्रमण से होने वाले जोखिमों से बचाना है।

....